10 जहाजगढ़ में आग लगने से फसल व अवशेष जले



11 महाबीर पार्क में नर्क ,गली में भरा सीवरेज का दूषित पानी



## खबर संक्षेप

### पुरस्कार वितरण समारोह आज

**बहादुरगढ़।** अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार द्वारा भारतीय संस्कृतिक ज्ञान परीक्षा के पुरस्कार वितरण का आयोजन बहादुरगढ़ में किया जा रहा है। यह आयोजन शनिवार 19 अप्रैल को सेक्टर 6 स्थित कम्युनिटी सेंटर में होगा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी इस कार्यक्रम में सम्मानित किए जाएंगे। कार्यक्रम में विधायक राजेश व नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किए गए हैं।

### माइनर के पास से मोटर चोरी, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** मांडोठी में एनसीआर माइनर के पास से मोटर चोरी हो गई। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। गांव खरहर के निवासी बलराज का कहना है कि मांडोठी में एनसीआर माइनर के पास 150 गज जमीन खरीद कर उसमें ट्यूबवैल बनवा रखा है। इस पर मोटर लगवा रखी है। जिसकी लाइन घर तक दबा रखी है। पानी चलाने के लिए जब मोटर का स्विच ऑन किया तो पानी नहीं आया। इसके बाद माइनर पर जाकर देखा तो मोटर चोरी हुई मिली। अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। कोई अज्ञात शख्स मोटर चुरा ले गया है। पुलिस तलाशने में मदद करे। इस शिकायत पर आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लैपटॉप चोरी का आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने लेपटॉप चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर चोरी शुदा लेपटॉप भी बरामद कर लिया गया है। सेक्टर-6 थाना प्रभारी कृष्ण कांत ने बताया कि ओमेक्स सिटी के निवासी विशाल ने शिकायत दी थी कि सुबह ड्यूटी पर चला गया और शाम को जब वापस आया तो लेपटॉप कमरे में नहीं था। इस शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा है। आरोपी की पहचान दीपांशु के रूप में हुई है। सोनीपत मूल का दीपांशु फिलहाल ओमेक्स में रहता है। आरोपी से चोरीशुदा लेपटॉप बरामद कर लिया गया है। आरोप को पूछताछ के बाद जेल भेज दिय गया।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए ट्रायल शुरू

झज्जर। जिला खेल अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि 7वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन आगामी 4 मई से 15 मई 2025 तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में हरियाणा राज्य की फुटबॉल (लड़कियां), कबड्डी (लड़के व लड़कियां), हॉकी (लड़के व लड़कियां) तथा बास्केटबॉल (लड़कियां) की टीमें भाग लेंगी, जिनका चयन ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा।

### चोरों के निशाने पर निर्माणधीन मकान

**बहादुरगढ़।** इलाके में निर्माणधीन मकान चोरों के निशाने पर हैं। अब सेक्टर-13 स्थित एक निर्माणधीन मकान को निशाना बना लिया गया। अज्ञात चोर मकान से फिटिंग उखाड़कर बिजली की काफी तार चुरा ले गए। शिकायतकर्ता विकास का कहना है कि वह सेक्टर-13 में मकान बनवा रहे हैं। फिलहाल फिनिशिंग का काम चल रहा है। रात को अज्ञात चोरों ने मकान में वारदात कर दी। अंडर ग्राउंड फिटिंग की सभी तारें खींचकर, उखाड़कर चुरा ली। चोरी की गई तार की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। वारदात से उन्हें काफी नुकसान हुआ है। वहीं, पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है। बता दें कि बहादुरगढ़ इलाके में निर्माणधीन मकानों में चोरी की वारदात लगातार हो रही हैं। यहां सेक्टर 2, सेक्टर 13, सेक्टर 9, सेक्टर 6, किला मोहल्ला, परनाला, लाइनपार सहित कई जगह वारदातें हो चुकी है।

### ट्रैफिक और सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी पर पुलिस सख्त

# 3 माह में 7049 वाहनों का चालान

# 50 लाख से ज्यादा का जुर्माना वसूला

**बुलेट से पटाखे फोड़ रहे**

■ जनवरी में ट्रिपल राइडिंग के 38, ब्लैक फिल्म के 8, बुलेट पटाखा के 17, रांग साइड ड्राइविंग के 277, रांग पार्किंग के 236, डेंजर्स यू टर्न के 169, विदआउट नंबर प्लेट के 125 और नंबर प्लेट पैटर्न के 115 चालान किए





बहादुरगढ़। सेक्टर-6 में स्थित यातायात पुलिस थाना।

**नियमों की अनदेखी से हो रहे हादसे**



ज्यादातर हादसे नियमों की अनदेखी के कारण होते हैं। इसलिए वाहन चालक नियमों का पालन करें। वाहन संबंधित अपने तमाम दस्तावेज दुरुस्त रखें। हेलमेट, सीटबेल्ट का इस्तेमाल जरूर करें। यदि नियमों की पालना नहीं होगी तो पुलिस सख्ती बरतेगी।

- **विकास कुमार**, एसएचओ, ट्रैफिक थाना

मनीष कुमार ▶▶| बहादुरगढ़

नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर यातायात पुलिस द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है। बीते तीन माह में पुलिस ने झज्जर जिले में नियम तोड़ने वाले 7049 वाहन चालकों के चालान किए हैं, तो काफी वाहन इंपाउंड किए हैं। जबकि नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर 50 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। बात जनवरी माह की करें तो ट्रिपल राइडिंग के 38, ब्लैक फिल्म के 8, बुलेट पटाखा के 17, रांग साइड ड्राइविंग के 277, रांग पार्किंग के 236, डेंजर्स यू टर्न के 169, विदआउट नंबर प्लेट के 125 और नंबर प्लेट पैटर्न के 115 चालान किए।

**फरवरी में ऐसे चला अभियान**

फरवरी माह में पुलिस ने ट्रिपल राइडिंग के 259, ब्लैक फिल्म के 32, बुलेट पटाखा के 18, रांग साइड ड्राइविंग के 439, रांग पार्किंग के 279, डेंजर्स यू टर्न के 128, विदआउट नंबर प्लेट के 355, नंबर प्लेट पैटर्न के 212, पाल्यूशन के 190 तो विद्आउट हेलमेट के 180 चालान किए। इसी तरह मार्च माह में ट्रिपल राइडिंग के 324, ब्लैक फिल्म के 62, बुलेट पटाखा के 23, रांग साइड ड्राइविंग के 615, रांग पार्किंग के 372, डेंजर्स यू टर्न के 156, विदआउट नंबर प्लेट के 407, नंबर प्लेट पैटर्न के 262, पॉल्यूशन के 264 तथा हेलमेट के 246 चालान किए हैं।

**पॉर्किंग नियमों की कर रहे अनदेखी**

ज्यादातर चालान गलत तरीके से वाहन खड़ा करने और गलत दिशा में वाहन चलाने पर काटे गए हैं। गाड़ी के शीशों पर काली फिल्म चढ़वाने वालों तथा साइलेंसर बलवाकर बुलेट बाइक से पटाखे बजाने वालों पर भी पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस द्वारा लगातार लोगों को नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सख्ती भी बरती जा रही है। इसके बावजूद लोग नियमों को नजरंदाज कर रहे हैं। महीने दर महीने बढ़ता चालानों का आंकड़ा तो कुछ यहीं बयां कर रहा है।

## युवक को अगवा करने के आरोपी 1 दिन के रिमांड पर



झज्जर। पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ लड़ाई- झगड़े की रंजिश में अगवा कर मारपीट का आरोप

शहर के महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम के नजदीक वीरवार दोपहर बाद एक युवक के अपहरण करने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। शहर थाना प्रभारी निरीक्षक बलदेव ने बताया कि गौरव निवासी अकेहडी मदनपुर ने शिकायत देते हुए बताया कि उनका गांव के ही कुछ लोगों के साथ लड़ाई झगड़ा हुआ था। इसी लड़ाई झगड़े की रंजिश में वीरवार को जब वह मोटरसाइकिल पर अपने दोस्त के साथ भगत सिंह चौक पर पहुंचा तो एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर आए युवकों ने मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी।

जिससे वह और उसके पीछे बैठा उसका दोस्त नीचे गिर गए। जब वह मोटरसाइकिल को उठाकर वापिस भगाने लगा तो इसी दौरान उन्होंने दोबारा से स्कॉर्पियो गाड़ी ने मोटरसाईकिल को पीछे से टक्कर मार कर गिरा दिया। तभी गाड़ी से उतरकर आए लोगों ने मुझे जबरदस्ती मारपीट करते हुए मुझे बीच वाली सीट पर गिरा दिया और मुझे आसौदा की तरफ ले गए। वहां पर एक खंडहरनुमा मकान में मेरे साथ मार पिटाई की, जहां पर उनके और भी साथी थे। जब वे मुझे दोबारा गाड़ी में डालकर ले जा रहे थे, बीच रास्ते में पुलिस की चेकिंग चली हुई थी तभी पुलिस की गाड़ी का सायरन सुनकर मुझे गाड़ी में छोड़कर मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक पवनवीर की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अंकुश निवासी अकेहडी मदनपुर और नवदीप निवासी मारौत के तौर पर की गई है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## मॉल के बाहर खड़ी गाड़ी का शीशा तोड़कर मोबाइल और डॉलर चुराए

**बहादुरगढ़।** शहर की सड़कों पर दिन दहाड़े भी गाड़ियां सुरक्षित नहीं है। मौका लगते ही शातिर चोर गाड़ी के शीशे चटका कर वारदात अंजाम दे जाते हैं। अब यहां रोहतक-दिल्ली रोड पर एक मॉल के बाहर खड़ी गाड़ी को निशाना बनाया गया।

शीशा तोड़कर गाड़ी से मोबाइल, कैनेडियन डॉलर व हजारों भारतीय रुपये चुरा लिए गए। पीड़ित युवक की शिकायत पर सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात दिल्ली के निवासी अतुल सांगवान के साथ हुई है। अतुल का कहना है कि वीरवार को वह अपने रिश्तेदार सागर के साथ बहादुरगढ़ स्थित अम्रता मॉल में आया था। अपनी गाड़ी मॉल के बाहर सड़क पर खड़ी कर दी। कुछ देर बाद बाहर आए तो गाड़ी की ड्राइविंग साइड का शीशा टूटा हुआ था। अंदर गाड़ी से बैग गायब था। बैग में लाइसेंस, कैनेडियन, स्कोशिया क्रेडिट-डेबिट कार्ड, 150 कैनेडियन डॉलर, 35 हजार भारतीय रुपये, सैमसंग टैब, आइ फोन आदि थे। अज्ञात चोर गाड़ी का शीशा तोड़कर ये सामान चुरा ले गया है। अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### मकान से चोरी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

झज्जर। पुलिस की एक टीम द्वारा दादरी तोए गांव स्थित एक निर्माणाधीन मकान से चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी दुलीना प्रभारी रीना ने बताया कि आजाद निवासी दादरी तोए की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विशु निवासी हिसार हाल किराएदार फरुखनगर और राहुल निवासी जींद हाल किराएदार फरुखनगर के तौर पर की गई है। आरोपियों से चुराया गया लोहे का सरिया बरामद किया गया है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसा कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को अदालत के आदेशा पर जेल भेज दिया गया।

## दिल्ली की सीएम से मिले भाजपाई



**मांगपत्र सौंपा**

बहादुरगढ़। भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सैनी ने अन्य पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की। उन्होंने पिछली बार हुई मुलाकात में सौंपे गए मांग पत्र में से कई काम शुरू होने पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। उन्होंने दिल्ली-बहादुरगढ़ रोड के निर्माण और मुंडका में सैनियों वाली मेन गली पर काम शुरू होने पर आभार जताया। इसके अलावा उन्होंने जोंती और टटेशर के ग्रामीणों के लिए 100 बेड का अस्पताल बनाने की मांग रखी। मुंडका में सैनियों वाली पुरानी चौपाल का पुनर्निर्माण करवाने का अनुरोध किया। बहादुरगढ़ से दिल्ली की तरफ आने वाली विभिन्न लिंक सड़कों की दशा ठीक करने की मांग की। इस अवसर पर आशु सैनी, धर्मेंद्र सैनी, रणजीत दहिया, संजीत राठी, दीपक, संदीपव गोपाल आदि मौजूद रहे।

## नगर परिषद ने हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़





वार्ड नंबर-24 में साईं मंदिर गली में नाली के ऊपर पक्का निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था। स्थानीय निवासियों ने इसे हटाने के लिए शिकायत की थी। जिसका संज्ञान लेते हुए नगर परिषद ने शुक्रवार को जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाया। स्थानीय निवासी वेद प्रकाश खट्टर, रघुबीर, राजेश अरोड़ा, प्रदीप चावला, प्रवीण किंद्रा, सुमित बतरा, सोनू, करण, अन्नू, कन्हैया, ज्योति व स्नेह आदि ने बताया कि डाकखाने के साथ गली में साईं मंदिर के निकट नाली के ऊपर पक्का चबूतरा बनाकर अतिक्रमण किया गया है। गली में 4 फुट तक कब्जा करके लोहे की ग्रिल भी लगा रखी है। जिस वजह से नाली की सफाई नहीं हो पाती। सफाई के लिए आने वाले कर्मचारियों से भी कब्जाधारी झगड़ा करते हैं। इसके अलावा गली में स्ट्रीट लाईट भी नहीं लगने देते। शिकायत का संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को नगर परिषद ने कब्जा हटवाया। एमई जोगेंद्र सिंधु ने कहा कि किसी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### लगातार बढ़ रही गर्मी पारा 41 डिग्री पर पहुंचा

**बहादुरगढ़।** गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। केवल दिन ही नहीं, रात के वक्त भी गर्मी परेशान करने लगी है। शुक्रवार को इलाके में अधिकतम तापमान 41 डिग्री पर पहुंच गया। चिलचिलाती धूप ने लोगों को खूब परेशान किया। आगामी दिनों में तापमान में लगातार वृद्धि होने के आसार हैं। गर्मी बढ़ने से लोगों की दिनचर्या भी पूरी तरह से बदल गई है। खानपान से लेकर पहनावा बदल गया है। बाजार में हलके सूती वस्त्रों की बिक्री बढ़ गई है। जबकि जूस, आइसक्रीम भी दुकानों पर भी शाम के वक्त रौनक लगी रहती है। सुबह और देर शाम को पार्क में टहलने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। दोपहर के वक्त अब आवाजाही कम होने लगी है। शुक्रवार को इलाके में खूब तेज धूप खिली हुई थी। गर्म हवा के झोंकों से भी लोगों को परेशानी हुई।

## सिद्दीपुर लोवा में युवक पर लाठी-डंडों से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

**दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त, धमकी देकर आरोपी फरार, केस दर्ज**

गांव सिद्दीपुर लोवा में एक युवा पर ईंट, डंडों से हमला कर दिया गया। दो गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। हमले में गंभीर रूप से घायल युवक को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कैर गांव के दो भाइयों व उनके साथियों पर मारपीट करने, धमकी देने आदि धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ है।

वारदात विक्रम के साथ हुई है। सिद्दीपुर लोवा के निवासी विक्रम का कहना है कि वह आईजीआई एयर पोर्ट पर कार्यरत है। गत 16 अप्रैल को अपने दोस्तों के साथ पार्टी करके नजफगढ़ से आ रहा था। मेरे साथ गाड़ी में दोस्त प्रयाग भी सवार था। जबकि पीछे दूसरी गाड़ी में गौरव व विक्की आ रहे थे। सिद्दीपुर लोवा के ठेके के पास पहुंचे तो वहां पहले से ही कैर गांव का एक युवक अपने साथी के संग खड़ा था। उन्होंने हमारा रास्ता रोक लिया। नशे की हालत में थे। काफी समय पहले उस युवक के साथ मेरी कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश में उन्होंने हमारे साथ झगड़ा शुरू कर दिया। जब मेरे दोस्त विक्की व अन्य वहां आए तो वे आरोपी भाग गए। कुछ देर बाद वह आरोपी युवक फिर आया। इस बार उसके साथ एक गाड़ी आई, जिसमें से कई युवक बाहर निकले। आते ही उन्होंने हम पर ईंट, डंडों से हमला कर दिया। मुझे पीट पीटकर कर अधमरा कर दिया। मेरे साथियों ने छिपकर अपनी जान बचाई। हमलावरों ने हमारी दोनों गाड़ियां तोड़ दी। फिर धमकी देकर भाग गए। परिजनों ने मुझे जाफरपुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से रेफर कर दिया गया। आरोपी मोहित व उसके भाइयों ने अपने साथियों संग मिलकर हमला किया है। वहीं, सदर थाना पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है।

## छात्राओं को आग बुझाने का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ छात्राओं को दी अग्निशामक यंत्रों की जानकारी

शुक्रवार को महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में छात्राओं के लिए अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं को आग लगने की स्थिति में उचित बचाव के तरीके, आग बुझाने के उपकरणों के सही प्रयोग और आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरुक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने छात्राओं को बताया कि आग को किस-किस प्रकार से बुझाया जा सकता है। अलग-अलग परिस्थितियों में कौन से अग्निशमन उपकरणों का उपयोग करना चाहिए। छात्राओं को पानी आधारित और फोम आधारित अग्निशामक यंत्र से परिचित कराया गया। साथ ही, इन यंत्रों को सही ढंग से कैसे इस्तेमाल किया जाए, इसका भी व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षकों द्वारा छात्राओं को आपातकालीन स्थिति में घबराए बिना सुरक्षित निकलने व आवश्यक सावधानी बरतते हुए स्वयं को सुरक्षित रखने के उपायों से अवगत कराया। प्राचार्या डॉक्टर माधवी शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता उत्पन्न करते हैं।



झज्जर। छात्राओं को अग्निशामक यंत्रों की जानकारी देते हुए प्रशिक्षक।

## नागरिक अस्पताल के ट्रामा सेंटर में बुजुर्ग महिला मरीज से दुर्व्यवहार

**बहादुरगढ़।** शहर के नागरिक अस्पताल में मरीजों का इलाज तो दूर उनसे ढंग का व्यवहार भी नहीं होता। शुक्रवार को एक वृद्ध महिला इलाज के लिए अस्पताल पहुंची तो गुड फ्राइडे के अवकाश के कारण ओपीडी में चिकित्सक नहीं मिले। वह ट्रामा सेंटर में इलाज करवाने पहुंची तो वहां तैनात चिकित्सक ने जांच करने की बजाय बेरुखी दिखाई। बता दें कि बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में कई बार मरीजों व तिमारदारों के साथ डाक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों के दुर्व्यवहार की शिकायतें सामने आई हैं। यही कारण है कि लोग नागरिक अस्पताल में इलाज करवाने से कतराने लगे हैं। शुक्रवार को लाइनपार निवासी 74 वर्षीय अंगूरी देवी अपने बेटे के साथ नागरिक अस्पताल में जांच के लिए आई। लेकिन गुड फ्राइडे के अवकाश के कारण ओपीडी में डाक्टर उपलब्ध नहीं थे। जब अंगूरी देवी ट्रामा सेंटर में चिकित्सक से परामर्श लेने गई तो वहां तैनात डाक्टर ने बेहद रूखा व्यवहार किया। सवालों की बौछार और अपमानजनक व्यवहार देखकर बुजुर्ग महिला स्तब्ध रह गई। हालांकि बाद में दूसरे डाक्टर ने वृद्ध महिला की जांच कर परामर्श दिया। कई डाक्टर अपने रुखे व्यवहार से मरीजों की पीड़ा बढ़ा रहे हैं। सिविल सर्जन डा. जयमाला ने डाक्टरों और स्टॉफ को शालीनतापूर्वक व्यवहार के लिए सख्त हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी डाक्टर व स्टॉफ अस्पताल में मरीजों-तिमारदारों के साथ ठीक से व्यवहार नहीं करेगा तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई एट गुढ़ा में रोजगार मेला 23 को

**झज्जर।** आईटीआई एट गुढ़ा में आगामी 23 अप्रैल को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। संस्थान के प्राचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी जीतपाल ने बताया कि रोजगार मेले में नामी कंपनियां हिस्सा लेंगी। उन्होंने कहा कि जो आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थी अप्रेंटिस करना चाहते है, वे विद्यार्थी इस रोजगार मेले में भाग ले सकते है।

### कोठरी का ताला तोड़कर सामान चोरी

**धारूहेड़ा।** भटसाना में चोर एक ट्यूबवेल पर बनी कोठरी का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान व बिजली केबल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत दीपक ने बताया कि जब वह सुबह के समय अपने ट्यूबवेल पर गया तो कोठरी का ताला टूटा हुआ था। अंदर देखने पर सोलर मोटर, पानी की मोटर व बिजली की केबल गायब मिली। आसपास पूछताछ करने के बाद भी चोरों के बारे में कोई सुराग नहीं मिला। उसने पुलिस को चोरी की सूचना दी। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मौका मुआयना करते हुए चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### महिला ने फांसी से लटककर जान दी

**रेवाड़ी।** ढालियावास में करीब 34 वर्षीय महिला ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। कॉलोनी में रहने वाली रिंकू देवी काफी समय से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। उसका अस्पताल से इलाज चल रहा था। बीमारी से तंग आकर उसने अपने कमरे में फांसी का फंदा लगा लिया। परिजनों ने पता चलने के बाद पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद मॉडल टाउन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### पिकअप की टक्कर से बाइक चालक घायल

**रेवाड़ी।** गढ़ी बोलनी रोड पर पिकअप गाड़ी की चपेट में आकर एक बाइक चालक घायल हो गया। लालपुर की ढाणी निवासी राजेंद्र कुमार बाइक लेकर अपने गांव से कसोला चौक की ओर जा रहा था। गढ़ी बोलनी रोड पर एक समारोह स्थल के पास पिकअप गाड़ी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। पिकअप चालक ने उसे उठाकर अस्पताल पहुंचाया। पहले चालक ने इलाज का खर्च देने की बात कही थी, परंतु बाद में वह मुकर गया। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### कंवाली में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**डहीना।** कंवाली गांव में चोर एक घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में सुमेर सिंह ने बताया कि उसने बाइक घर के सामने खड़ी की थी। इसके बाद वह घर के अंदर चला गया। लगभग एक घंटा बाद जब वह घर से बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास काफी पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। उसने पुलिस को बाइक चोरी की सूचना दी।

### चोरी के मामले में प्रोडक्शन वारंट पर

**धारूहेड़ा।** थाना धारूहेड़ा पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने गत 12 मार्च को थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात के बाद केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में नूंह के फिरोजपुर नमक निवासी वारिश को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। किसी अन्य मामले में जेल में बंद चला आ रहा है। आरोपी को केस की तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे वापस जेल भेज दिया गया।

### घर से बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 में चोर एक मकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में राजस्थान के बूढ़ी बावल निवासी ललित कुमार ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर-6 में रह रहा है। उसने रात को अपनी बाइक मकान के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब वह उठकर घर से बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली।

---

### जहाजगढ़ के खेतों में कहर बनकर चली तेज हवा

# अज्ञात कारणों से लगी आग के चलते भारी नुकसान तीस से पैंतीस एकड़ में फसल व अवशेष जले

- ग्रामीणों की सूझबूझ से खेतों की मिट्टी काटकर आग को फैलने से रोका गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार की शाम चली तेज हवा ने जहाजगढ़ के किसानों के लिए उस समय कहर बरपा दिया जब रात करीब सवा नौ बजे अज्ञात कारणों के चलते खेतों में खड़ी फसल व फसल अवशेषों में अचानक आग लग गई। तेज हवा के कारण आग को फैलने में ज्यादा समय नहीं लगा और बढ़ती चली गई। जब राहगीरों व ग्रामीणों ने खेतों से उठती आग के तेज लपटें देखी तो उन्होंने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड कर्मचारियों व पुलिस को दी। इसके बाद जिस किसी को आगजनी की इस घटना का पता चला वह खेतों की ओर अपने-अपने वाहन लेकर दौड़ा। ग्रामीणों द्वारा आग बुझाने का भरकस प्रयास किया गया और जब तेज हवा के कारण आग पर काबू नहीं जा सका तो उन्होंने सूझ-बूझ का परिचय देते हुए कल्टीवेटर की सहायता से खेतों की मिट्टी काटकर आग को फैलने से रोका।

इस दौरान अन्य किसानों ने टैंकरों व टंकियों में पानी भर आग बुझाने की कोशिश भी जारी रखी। करीब पौने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को फैलने से रोका जा सका। ग्रामीणों व घटना के प्रत्यशदर्शियों के अनुसार करीब तीस से पैंतीस एकड़ में आग लगी। इस दौरान जहां कई किसानों के खेतों में अभी फसल की कटाई होनी शेष थी वहीं अधिकांश किसानों द्वारा गेहूं की कटाई का कार्य पूरा किया जा चुका है। अनुमान के मुताबिक ग्रामीणों की सूझबूझ से खेतों में खड़ी फसल वाले को खेतों में आग फैलने से रोक ली गई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार इस घटना में किसान इंद्रजीत की एकड़ गेहूं की फसल व कर्ण सिंह की डेढ़ बीघा जमीन में उगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। अधिकांश खेतों में खड़े फसल अवशेष भी जल गए। इस आगजनी की घटना से क्षुब्ध ग्रामीणों ने जहाजगढ़ – छुछकवास मार्ग पर जाम लगा दिया।



झज्जर। आग बुझाने हुए जहाजगढ़ के किसानों फोटो :हरिभूमि



झज्जर। आग बुझाने के लिए पानी डालते किसान। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। खेतों से उठती आग के तेज लपटें। फोटो :हरिभूमि

---

## पुलिस के साथ मुठभेड़ में वांछित अपराधी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

द्वारका जिले के नजफगढ़ इलाके में शुक्रवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक वांछित अपराधी घायल हो गया। इसका नाम नजफगढ़ के धरमपुरा निवासी अक्षय उर्फ गोलू (30) बताया गया है। 17 अप्रैल को हुई एक डकैती के मामले में यह वांछित था। इसके अलावा बदमाश पर डकैती, छीना झपटी, चोरी और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन के 13 मामले दर्ज पाये गये हैं।पुलिस के अनुसार शुक्रवार को तड़के करीब पांच बजे उसे जय विहार नाला रोड के पास चोरी की मोटरसाइकिल के साथ बदमाश के आने की सूचना मिली थी। जब पुलिस ने बदमाश को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा तो उसने गोलियां चला दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की और एक गोली उसके बाएं पैर पर मारकर उसे दबोच लिया। पुलिस के अनुसार अक्षय ने दो राउंड गोलियां चलाई, जबकि पुलिस टीम ने तीन राउंड गोलियां चलाई।

## छह ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी ने शुक्रवार को हशविप्रा के इलेक्ट्रिकल विभाग के एक्सईएन देवेंद्र कुमार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बढ़ती गर्मी को देखते हुए सेक्टर-9ए व 10 के लिए बिजली के नए ट्रांसफार्मरों को रखवाने की मांग की। उन्होंने बताया कि सेक्टर-9ए में चार और सेक्टर-10 में दो नए बिजली ट्रांसफार्मर लगने चाहिएं। इसका संज्ञान लेते हुए एक्सईएन ने 6 नए बिजली ट्रांसफार्मर स्वीकृत किए। साथ ही जरूरतअनुसार बिजली ट्रांसफार्मरों लगवाने के लिए आश्वस्त किया। जसबीर ने नए बिजली ट्रांसफार्मर स्वीकृत करने पर कार्यकारी अभियंता का आभार जताया।



बहादुरगढ़। एक्सईएन देवेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपते जसबीर सैनी।

## लाखों की ई सिगरेट बरामद पान बीड़ी विक्रेता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आईएससी क्राइम ब्रांच ने अवैध ई-सिगरेट व्यापार के खिलाफ कार्रवाई करते हुये 78 एल्फबार वेप्स (चीन में निर्मित) बरामद की है। इनकी बाजार कीमत लगभग 1.6 लाख रुपये बताई गई है। इस सिलसिले में एक स्मगलर को भी पकड़ा गया है। आरोपी का नाम गुरुचरण (33) निवासी शालीमार बाग है। एडिशनल सीपी संजय कुमार सेन के अनुसार 17/18 अप्रैल की मध्य रात्रि शालीमार बाग थाना अंतर्गत भगवान महावीर रोड पर एक पिकेट पॉइंट लगाया गया था। रात लगभग दो बजे वाहनों की जांच के दौरान पुलिसकर्मियों ने आजादपुर रोड से आ रही एक संदिग्ध स्कूटी को रोकने का प्रयास किया। लेकिन स्कूटी सवार रुकने के संकेत का पालन करने के बजाय तेज गति से फरार हो गया। कुछ देर पीछा करने के बाद सतर्क पुलिसकर्मियों ने उसे रोककर पकड़ लिया। स्कूटी से एक प्लास्टिक बैग (कट्टा) बरामद किया गया, जिसकी जांच करने पर पता चला कि उसमें 78 ई-सिगरेट बरामद हुई। एक सिगरेट की कीमत दो हजार है।

## ट्राली चोरी करने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

सीआईए धारूहेड़ा ने ट्राली चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला झज्जर के गांव सिलाना निवासी कुलदीप उर्फ कालिया के रूप में हुई है। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार करके ट्राली को बरामद कर लिया था। 27 अप्रैल 2020 को गांव भटसाना निवासी देवेन्द्र ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसकी बास रोड स्थित बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान का शटर उखाड़ कर कोई व्यक्ति ट्रैक्टर की ट्राली चोरी करके ले गए है। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपी जिला झज्जर के गांव पटोदा निवासी गब्बर व जिला हिसार के गांव कालर भैनी निवासी भजना उर्फ भजन सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई ट्राली को भी बरामद कर लिया था। सीआईए धारूहेड़ा ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी जिला झज्जर के गांव सिलाना निवासी कुलदीप उर्फ कालिया को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## रंजिश के चलते ट्रैक्टर चालक पर हमला सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया

- पुलिस के पहुंचते ही आरोपी मौके से फरार हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आसरा का माजरा में रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक ट्रैक्टर चालक के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने उसे घायलावस्था में अस्पताल पहुंचाया।

बाद में पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उनकी गिररफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस बयान में धनराज ने बताया कि वह और उसका पिता ट्रैक्टर से कार्य करते हैं। ग्राम पंचायत ने डैम बनाने के लिए पंचायत की जमीन पब्लिक विभाग को दी है। विभाग की ओर से जमीन की खुदाई का कार्य ठेकेदार से कराया जा रहा है। वह और उसका पिता वहां से मिट्टी उठाने का कार्य कर रहे हैं। उसने आरोप लगाया कि जब वह ट्रैक्टर लेकर खुदाई वाली जगह पर पहुंचा तो धर्मबीर व उसके परिवार के 6 अन्य सदस्यों ने उस पर हमला कर दिया। उसे टैक्टर से जमीन पर गिराकर मारपीट करने लगे। इसी दौरान उसका पिता भी वहां आ गया। उसके पिता ने बचाव कराने के लिए शोर मचा दिया।

इसी दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस के पहुंचते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने उसे अपनी गाड़ी में डालकर बावल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे उसे रेवाड़ी रेफर कर दिया। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**पहले झगड़ा होने के बाद बनी रंजिश**

धनराज ने बताया कि उसका पहले दिनेश के साथ 9 अप्रैल को झगड़ा हुआ था। इसके बाद से ही दिनेश व उसके परिवार के सदस्य उसके साथ रंजिश रखे हुए हैं। इनमें से कुछ आरोपी एक अन्य मामले में जमानत पर आए हुए हैं। यह लोग उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद दिनेश, विकास, अंकित व संजीत को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## महिला से फोन पर अभद्रता करने पर व्यक्ति पर केस दर्ज

**कोसली।** क्षेत्र के गांव की एक महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति पर फोन कर अभद्र बातचीत करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के माध्यम से कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पति ने चार साल पहले राजपाल से एक लाख रुपये ब्याज पर लिए थे। कुछ समय बाद उधार लिए गए एक लाख रुपये वापस कर दिए थे तथा कुछ ब्याज भी दे दिया था। महिला के अनुसार आरोपी उन्हें फोन कर बकाया ब्याज के पैसे देने के लिए दबाव बनाता था तथा उसके साथ गलत काम करने का प्रस्ताव देकर ब्याज माफ करने को कहता था। गत वर्ष जुलाई में राजपाल उनकी दुकान पर आया तथा उनकी बेटी के हाथ से फोन छीन लिया।

पिछले माह मार्च में उसने कई बार फोन करके अभद्र भाषा में बात कर परिवार को जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने इसकी शिकायत 24 मार्च को पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस ने उस पर आज तक कोई भी कार्रवाई नहीं की। महिला ने वीरवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी, जिसके बाद कोसली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## लोगों के सहयोग से अपराधों पर लगाया जाएगा अंकुश: विद्यासागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंस्पेक्टर विद्यासागर अब रामपुरा थाने के नए प्रभारी होंगे। इससे पहले थाने में एसआई मनीष कार्यभार देख रहे थे। विद्यासागर ने रामपुरा थाने में पदभार संभाल लिया है। शुक्रवार को रामपुरा के सरपंच नरेश यादव, समाजसेवी प्रदीप ठेकेदार नारायणपुर, सरपंच हेमंत नंगली गोधा और सरपंच प्रतिनिधि दीपक यादव हुसैनपुर ने थाना प्रभारी का स्वागत किया। इंस्पेक्टर विद्यासागर ने कहा कि स्थानीय लोगों के सहयोग से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करके अपराधों पर अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों व सामाजिक संगठनों के सहयोग से नशे के खिलाफ मुहिम चलाई जाएगी।



रेवाड़ी। विद्यासागर का स्वागत करते प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि

## बिना दहेज के शादी करके पेश की समाज में मिसाल

- समाज के सभी शिक्षित लोगों से अपने बच्चों की शादी दहेज रहित करने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

गांव पीथड़ावास निवासी कृष्ण कुमार जांगिड़ में अपने सुपुत्र भूपेश जांगड़ा की दहेज रहित शादी करके समाज को संदेश दिया है। पीथड़ावास के सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम जांगिड़ ने जांगिड़ ब्राह्मण सभा खोल ब्लॉक के प्रधान कृष्ण कुमार जांगिड़ की पहल की सराहना की। हरियाणा पुलिस में सेवारत भूपेश जांगड़ा की शादी जिला झज्जर के गांव खानपुर कलां निवासी सत्यनारायण जांगिड़ की स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत पुत्री निकिता जांगिड़ के साथ हुई है। इस अवसर पर जांगिड़ ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष कैलाश चंद्र जांगिड़ ने नव दंपति को आशीर्वाद दिया। कि इस पहल से समाज में नई जागृति पैदा होगी और समाज के सभी लोगों को दहेज रूपी दानव से राहत मिलेगी। समाज के सभी शिक्षित लोगों से अपने बच्चों की शादी दहेज रहित करने की अपील की। इस अवसर पर बिजेंद्र कुमार जांगिड़, इंद्रपाल जांगिड व दयाराम सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि

### खिलाड़ियों ने स्टेट चैंपियनशिप में 3 गोल्ड, 6 सिल्वर व एक ब्रॉन्ज मेडल जीता

## स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

- विजेता खिलाड़ियों को जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के महानिदेशक व पदाधिकारियों ने सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेवाड़ी के खिलाड़ियों ने स्टेट पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में परचम लहराया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन फरीदाबाद में किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने मेडल हासिल किए। जिले के खिलाड़ियों ने स्टेट चैंपियनशिप में 3 गोल्ड, 6 सिल्वर व एक ब्रॉन्ज मेडल जीता है। विजेता खिलाड़ियों को जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के महानिदेशक व पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर महानिदेशक किरणदीप व सेक्रेटरी आशा यादव ने कहा कि खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत व दृढ संकल्प से मेडल हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने आशा व्यक्ति करते हुए कहा कि अब खिलाड़ी राष्टीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतरीन प्रदर्शन करके प्रदेश व जिले का नाम रोशन करेंगे।



रेवाड़ी। पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ी।

**यह रहे प्रतियोगिता के परिणाम**

प्रतियोगिता के सब जूनियर वर्ग में नंदिनी रेवाड़ी ने 66 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक, जूनियर वर्ग के 59 किलोग्राम भार वर्ग में दीपांशु चिल्हड़ ने रजत, जूनियर व सीनियर वर्ग में बालधन कलां निवासी दुष्यंत ने 74 किलोग्राम भार वर्ग में रजत व स्वर्ण, सीनियर महिला वर्ग में उत्तम नगर से रश्मि ने 57 किलोग्राम वजन वर्ग में रजत, सीनियर वर्ग में निखरी निवासी शिवानी यादव ने 84 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल, मास्टर्स कैटेगिरी महिला वर्ग में गांव मंदौला निवासी आशा यादव ने गोल्ड मेडल, मास्टर्स कैटेगिरी पुरुष वर्ग में निमोठ निवासी विनोद कुमार ने 83 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक, सीनियर वर्ग में नयागांव निवासी रॉकी ने 74 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य तथा सीनियर 83 किलोग्राम भार वर्ग में उष्मापुर निवासी किरणदीप सिंह ने सिल्वर मेडल हासिल किया।

### हमारा परिवार संस्था का संस्कार निर्माण कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 20 अप्रैल को संस्कार निर्माण का कार्यक्रम राम काज किए बिना-मोहे कहा विश्राम का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि सनग्लो इंटरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष डा. वीपी यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि व नई दिशा युवा मंच के जिला प्रधान एडवोकेट निशांत यादव विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से विजय कुमार जांगिड महामंत्री अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण सभा, नरेन्द्र व समाजसेवी सुभाष अरोड़ा का अभिनंदन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



झज्जर। स्कूल स्टॉफ सदस्यों के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी।

### आरपीएस के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

**झज्जर।** आरपीएस स्कूल कोसली के होनहार विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय लैक्रोस गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नेशनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। प्राचार्या अंजू यादव ने बताया कि नेशनल लेवल के लिए क्वालिफाई करने वाले खिलाड़ियों में मोक्ष, अंश व सौरभ शामिल हैं। इस उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन श्रीभगवान यादव, सुमन यादव, डायरेक्टर हसंराज यादव ने कोच विनय कुमार के प्रयासों की सराहना करते हुए चयनित खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### गुभाना में मनाई तात्या टोपे की पुण्यतिथि

**बहादुरगढ़।** गांव गुभाना के लोकहित पुस्तकालय में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख सेनानायक तात्या टोपे की पुण्यतिथि मनाई गई। समिति सदस्यों और ग्रामीणों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। समिति अध्यक्ष नरेश कौशिक के साथ सूबेदार मेजर सुरेश कुमार, जयभगवान, रामकुमार, करण सिंह, समुंदर सिंह, रामचंद्र नंबरदार व सतबीर कौशिक आदि ने तात्या टोपे को श्रद्धांजलि अर्पित की।




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी प्रदीप दहिया।

### नशे के दुष्परिणामों के प्रति करें जागरूक: डीसी

**झज्जर।** स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करना जरूरी है। शिक्षण संस्थानों का दायित्व है विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक करें। यह बात डीसी प्रदीप दहिया ने मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई वीसी उपरांत अधिकारियों को निर्देश देते हुए कही। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ विभिन्न विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने डीईओ को निर्देश दिए कि स्कूलों में स्टॉफ सदस्यों को नशे के लक्षणों के प्रति जागरूक किया जाए ताकि वह स्कूलों में विद्यार्थियों में नशे की संदिग्ध प्रवृत्ति दिखते ही तुरंत सक्रिय हो जाएं। इसके अलावा बच्चों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में भी जागरूक किया जाए। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्रों के नियमित रूप से निरीक्षण करने, दवाइयों की दुकानों पर सीसीटीवी लगवाने के निर्देश दिए।

### अधिकारियों को बार-बार शिकायत करने के बाद भी समस्या जस की तस

# महाबीर पार्क में 'नरक', गली में भरा सीवरेज का दूषित पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ दुर्गंध से लोगों का घरों में रहना दूभर


शहर के महाबीर पार्क में नाले अवरुद्ध होने तथा सीवर लाइन ब्लॉक होने के कारण गलियों में गंदा पानी भर गया है। गली में दूषित जलभराव होने से लोगों को आने-जाने में परेशानी झेलनी पड़ती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अधिकारियों को बार-बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो रहा है। महाबीर पार्क निवासी राजेश खत्री, आनंद कुमार, मनीष कौशिक व नवीन आदि का कहना है कि नगर में पानी की निकासी समुचित ढंग से नहीं हो रही है। सीवर लाइनों की निमयित रूप से सफाई नहीं होने से सीवर अक्सर जाम हो जाते हैं। सीवर लाइन जाम होने से महाबीर पार्क की गली नंबर-3 में पानी निकासी अवरुध हो गई है। इससे सीवर का पानी गलियों में भरना शुरू हो जाता है। लोगों का कहना है कि अतीत में भी अनेक बार यहां की गलियों में सीवर का पानी भरने की शिकायत हुई थी। एक बार फिर नाले ठप हैं और सीवर लाइन ब्लॉक हैं। इस कारण लोगों को आने-जाने के लिए गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। गंदे पानी के कारण पैरों में खुजली होने लगती है।

कई बार लोग फिसलकर गंदे पानी में गिर जाते हैं। सीवर के पानी के कारण क्षेत्र में दुर्गंध फैली रहती है। दुर्गंध से लोगों का घरों में रहना दूभर हो गया है। नगरवासियों ने अधिकारियों से पानी निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

पार्षद प्रवीण कुमार के अनुसार जलस्वास्थ्य विभाग सीवर लाइनों की नियमित रूप से सफाई करने में विफल साबित हो रहा है। क्षेत्र में सीवर ऑवरफ्लो की शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। गली में भरे पानी की निकासी नहीं हो रही है। इससे मच्छर पनप रहे हैं। लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।



बहादुरगढ़। महाबीर पार्क की गली में भरे गंदे पानी से गुजरते नागरिक तथा गली में भरा गंदा पानी दिखाते महाबीर पार्क निवासी। फोटो : हरिभूमि




झज्जर। पैथ लैब के शुभारंभ पर उपस्थित रिलायंस एवं आरोग्य क्लीनिक के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# रिलायंस आरोग्य क्लीनिक में पैथ लैब की शुरूआत

## ब्लड टेस्ट सहित अन्य टेस्ट होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

■ फाउंडेशन के सीएसआर कार्यक्रम के तहत बनी लैब

रिलायंस एमईटी परिसर में संचालित रिलायंस आरोग्य क्लीनिक में शुक्रवार से आरोग्य पैथ लैब की शुरूआत की गई है। लैब की स्थापना एमईटी एवं रिलायंस फाउंडेशन के सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत की गई है। इसका उद्देश्य प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ, सटीक एवं सुविधाजनक बनाना है। रिलायंस एमईटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वल्लभ गोयल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए रिबन काटकर लैब का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव मजबूत प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं पर टिकी होती है और रिलायंस फाउंडेशन इस दिशा में निरंतर योगदान कर रहा है। आरोग्य पैथ लैब में ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ब्लड शुगर समेत विभिन्न प्रकार के पैथोलॉजिकल परीक्षणों की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विशेष बात यह है कि ये सभी परीक्षण आमजन के लिए न्यूनतम दरों पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के लोग सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जांच सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस मौके पर रिलायंस की ओर से सीएसआर प्रमुख कर्नल रोमेल राज्याण, हितेश चौधरी, अनिल शर्मा, हनी मलिक, लोकेश कापसे, नीलम सिंह, संजय गुलाटी, अक्षय धनखड़, चंचल गुलिया, राजकुमार, डॉक्टर सुजिंद्र फोगाट, डॉक्टर सुमन साहू, विपिन, रोहित, मनीष सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# जिले में गेहूं व सरसों की खरीद जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिले की दस अनाज मंडियों में गेहूं व सरसों की खरीद प्रक्रिया जारी है। डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि जिले की मंडियों में 31 हजार 643 मीट्रिक टन सरसों की आवक दर्ज की गई है। जिसमें से 27 हजार 715 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है जबकि 23 हजार 812 मीट्रिक टन सरसों का उठान कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष उठान प्रक्रिया तीव्र गति से जारी है। इस खरीद से अब तक 13 हजार 28 किसानों को लाभावित किया गया है। वहीं, अब तक जिले में एक लाख 44 हजार 605 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है, जिनमें से करीब एक लाख मीट्रिक टन की खरीद संपन्न हो चुकी है। 43 हजार 353 मीट्रिक टन गेहूं का उठान कार्य भी पूरा किया जा चुका है। गेहूं की खरीद प्रक्रिया के अंतर्गत 17 हजार 102 किसानों को भुगतान एवं खरीद को लाभावित किया गया है।



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में उठान कार्य में जुटे श्रमिक। फोटो : हरिभूमि

# भाजपाइयों ने फूंके कांग्रेस नेताओं के पुतले

■ कांग्रेस नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग घोटाले को लेकर शुक्रवार को भाजपाइयों ने सेक्टर-2 में सोनिया गांधी व राहुल गांधी का पुतला फूंक कर रोष जताया। विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की आलोचना करते हुए इसे भ्रष्टाचार और जनता के साथ विश्वासघात का गंभीर मामला बताया। उनके अनुसार राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा की जा रही कार्रवाई एक कानूनी प्रक्रिया है। कांग्रेस के लोग विरोध प्रदर्शन करके इसमें बाधा उत्पन्न करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोनिया और राहुल गांधी पर लगे घोटाले के आरोप कांग्रेस राज में दर्ज किए गए थे। अब ईडी निष्पक्ष जांच कर रही है, तो कांग्रेस बौखला गई है। दिनेश कौशिक के अनुसार नेशनल हेराल्ड केस में सार्वजनिक धन और धर्मार्थ संपत्तियों को निजी लाभ के लिए डायवर्ट किया गया। कानूनी कार्रवाई के दौरान कांग्रेस पीड़ित बनकर सहानुभूति कार्ड खेलती है। कोई भी कानून से ऊपर नहीं है, कानून को अपना काम करना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, दिनेश शेखावत, रामकंवार सैनी, सुदेश रंगा, रमेश आर्य, किसान मोर्चा अध्यक्ष राम अहलावत, विनोद कौशिक, राजू जून, विकास काजला, दर्शन दुजाना व चंद्रपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। सेक्टर-2 में कांग्रेस नेताओं के पुतले फूंकते भाजपाई। फोटो :हरिभूमि

# संस्कारम् यूनिवर्सिटी में एक शाम बब्बू मान के नाम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

संस्कारम् यूनिवर्सिटी पाटौदा में शनिवार को स्टार नाइट कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध पंजाबी गायक बब्बू मान अपनी प्रस्तुति देंगे। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल विश्वविद्यालय प्रांगण में सायं करीब साढ़े पांच से शुरू होने वाला यह कार्यक्रम अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह और ऊर्जा का माहौल है। विद्यार्थियों में विशेष उत्साह है, क्योंकि उन्हें न केवल अपने प्रिय कलाकार को प्रत्यक्ष रूप से देखने-सुनने का मिलेगा, बल्कि यह उनके लिए सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का भी एक मंच होगा। शिक्षा के साथ-साथ कला और संस्कृति के इस समन्वय ने संस्कारम विश्वविद्यालय को एक विशिष्ट पहचान दी है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल पाठ्यक्रम आधारित ज्ञान देना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर छिपी रचनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना को भी जाग्रत करना है। स्टार नाइट जैसे आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत होते हैं और उनमें ऊर्जा, आत्मविश्वास एवं समरसता का संचार करते हैं।



झज्जर। कार्यक्रम को लेकर सजा संस्कारम विश्वविद्यालय परिसर।

### विद्यार्थियों को योग, प्राणायाम और आत्मनिर्भरता के प्रति किया प्रेरित

**झज्जर।** आईटीआई झज्जर एट गुढ़ा परिसर में शुक्रवार को योग एवं चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी जीतपाल ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन योगाचार्य जगदीश कुमार सहवाग द्वारा किया गया। योगाचार्य जगदीश कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह शिविर विद्यार्थियों को बलवान, विद्वान, चरित्रवान, गुणवान, संस्कारवान एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति के माध्यम से ही एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को योग, विभिन्न आसनों तथा प्राणायाम की विधियों से परिचित करवाया और उनके नियमित अभ्यास के लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी को प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए, जिससे मानसिक शांति, एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है।



झज्जर। शिविर के दौरान योग करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# सीएम विंडो की शिकायतों के समाधान में जिला प्रदेश में तीसरे नंबर पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शुक्रवार को डीसी प्रदीप दहिया ने समाधान शिविर से संबंधित शिकायतों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अगर आपके स्तर पर समाधान नहीं हो रहा है तो तत्काल उक्त समस्या को जिला प्रशासन के संज्ञान में लाएं। उन्होंने विभागवार शिकायतों की विभागवार स्थिति की विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मीटिंग के दौरान सीएम विंडो की शिकायतों की भी विस्तार से चर्चा की गई। पूरे प्रदेश में जिले का ओवर ऑल कंपोजिट स्कोर 71.57 है। इस स्कोर के साथ सीएम विंडो शिकायतों के समाधान में जिला तीसरे नंबर पर है।




झज्जर। समीक्षा बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी प्रदीप दहिया। फोटो : हरिभूमि

# नायब सरकार की नीतियों को सराहा



डॉ पंकज जैन

**बहादुरगढ़।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन के अनुसार मुख्यमंत्री नायब सैनी के कुशल नेतृत्व में सरकार द्वारा सभी वर्गों के हित में कल्याणकारी नीतियां बनाकर उन्हें धरातल पर लागू किया जा रहा है। यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक बैठे पात्र परिवारों तक जरूर पहुंचे। डॉ पंकज जैन ने नायब सरकार की किसान हितैषी नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि सीएम नायब सैनी किसानों के सच्चे हितैषी व हमदर्द हैं। नायब सरकार किसानों की फसलों का एक-एक दाना समर्थन मूल्य पर खरीदने के साथ मंडियों में उठान, लदान, भुगतान सहित तमाम बंदोबस्त किए गए हैं। प्रदेश के हर जिले में विकास की गंगा बह रही है। गरीब परिवार के उत्थान के लिए लागू की गई योजनाएं पात्र लोगों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। भाजपा सरकार जनभावनाओं पर खरा उतरने के साथ लोगों की आशाओं के अनुरूप कार्य कर रही है। प्रदेश की जनता विपक्ष को पूरी तरह से नकार चुकी है।

### मोबाइल हैक करके ठगे 1 लाख 40 हजार रुपये

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय बादली में एक कर्मचारी के साथ मोबाइल हैक करके धोखाधड़ी से 1 लाख 40 हजार रुपये से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में उसके सहकर्मी ने बताया कि उसके पास मोबाइल पर एक मैसेज आया जिसमें उसके पानी के बिल का भुगतान ना होने पर कनेक्शन काटने की सूचना दी गई थी। जब उसने मैसेज में आए संबंधित मोबाइल पर किया तो उन्होंने बताया कि पुराने भरे हुए बिल का अपडेट मांगते हुए फिर से बिल भरने की बात कही। जब उसने दोबारा बिल भरना चाहा तो वह नहीं भरा गया। इसके बाद उसने चरखी दादरी निवासी अपने साथी के साथ जानकारी सांझा की और उसने जैसे ही व्हाट्सअप पर भेजा गया लिंक खोला तो उसका फोन हैक हो गया।



बहादुरगढ़। वाटर कूलर का उद्घाटन करते कंपनी पदाधिकारी।

### एचएनजी ने ड्रेन रोड पर लगाया वाटर कूलर

**बहादुरगढ़।** शहर की प्रतिष्ठित एचएनजी फैक्ट्री ने राहगीरों के लिए कंपनी परिसर की बाहरी तरफ ड्रेन रोड पर ठंडे पानी की प्याऊ की व्यवस्था की है।

कंपनी द्वारा आरओ के साथ 2 हजार लीटर की टंकी और वाटर कूलर लगाया गया है। उद्घाटन समारोह में कंपनी के यूनिट हेड एसआर बंसल, एचआर जीएम एसपी शर्मा, श्रमायुक्त कुलदीप व अनिल कुमार के साथ श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधि वजीर व सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### एडीसी ने समाज के सभी वर्गों से सहयोग का आह्वान किया

# बाल विवाह जैसी कुरीति की रोकथाम जरूरी : सलोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एडीसी सलोनी शर्मा ने कहा कि अक्षय तृतीया पर संभावित बाल विवाहों को रोकने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से सहयोग का आहवान करते हुए कहा कि आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर बड़ी संख्या में विवाह समारोह आयोजित किए जाते हैं, ऐसे में नागरिकों से अपील है कि कहीं बाल विवाह की सूचना मिलती है तो जिला प्रशासन को सूचित करें। इसके अलावा पुजारी, पाठी, गांव के पंच-सरपंच, नंबरदार, सामुदायिक केंद्र, मैरिज पैलेस, धर्मशाला आदि के मालिकों तथा कार्ड प्रिंटर, फोटोग्राफर, बैंड-बाजा और टेंट हाऊस संचालकों से अपील है कि वे विवाह से पूर्व वर-वधू के आयु प्रमाण पत्रों को अवश्य चैक करें और एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।



सलोनी शर्मा, एडीसी

### साइकिल रैली के माध्यम से लोगों को किया बाल विवाह के दुष्प्रभाव के प्रति जागरुक

हरिभूमि न्यूज. झज्जर

महिला एवं बाल विकास विभाग, एमडीडी ऑफ इंडिया, जिला सरंक्षण बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी ने बाल विवाह जैसी कुरीति के विषय में लोगों को जागरुक किया।

बेरी में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन बाल विवाह होने की संभावनाएं अधिक रहती है इसलिए हम सभी को अपनी निगाहें चौकस रखनी होगी। इस दौरान एक साइकिल रैली भी निकाली गई जिसमें आंगनवाड़ी वर्कर्स एवं बच्चों ने आमजन को बाल विवाह के दुष्प्रभाव के प्रति जागरुक किया।

महिला एवं बाल विकास विभाग से आंगनवाड़ी सुपरवाइजर ममता ने कहा कि बाल विवाह किशोरियों के अधिकारों का हनन है। जिसके चलते किशोरियां शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक तथा आर्थिक रूप से समृद्ध नहीं हो पाती। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निशा, सुनीता, पूनम, वर्षा, निखिल, रीना, स्वीटी व मनोज ने भी संबोधित किया।



झज्जर। किशोरों व युवाओं के साथ साइकिल रैली निकलाते हुए आंगनवाड़ी वर्कर्स व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रेम कुमारी (पत्नी), प्रीति खेड (पुत्री) और उमेश कुमार पुत्र स्व. सूरज प्रकाश निवासी किला मोहल्ला द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल पर प्रापर्टी आईडी नंबर 3B3KM4Y2 मकान नंबर 15/781 ए कॉलोनी किला मोहल्ला जोकि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम का कॉलम दर्ज व वर्ग गज 63 से 63 वर्ग गज करवाने हेतु ऑनलाइन एप्लीकेशन नंबर 0185771500 द्वारा अप्लाई किया है।

अतः आम व खास को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति नंबर 3B3KM4Y2 वार्ड नंबर 15 कॉलोनी किला मोहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपत्ति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाश के 30 दिन के अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपत्ति नंबर 63 वर्ग गज प्रार्थी प्रेम कुमारी (पत्नी), प्रीति खेडा (पुत्री), उमेश कुमार (पुत्र) स्व. सूरज प्रकाश के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।


Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
SPRING Sale
UPTO 80% OFF
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
Chukde Spices Combo
GET FREE
ROHTAK, BAHADURGARH, JHAJJAR, DIGHAL, SAMPLA, GOHANA,
HARYANA का सबसे ज़्यादा बचत वाला APP
DOWNLOAD NOW
Google Play
App Store
SCAN TO DOWNLOAD
DELIVERY ONLY IN ROHTAK & BAHADURGARH CITY
19 APRIL TO 30 APRIL
WHOLSALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा बचत सबसे ज़्यादा।
HAMDARD ROOHAFZA SHARBAT 750ML MRP ₹180 OUR PRICE ₹155
CATCH SOFT DRINK 1.2 Ltr. BUY 1 GET 1 FREE
HITKARY ALL VARIENTS 700ML 20% OFF ON MRP
PRABHAS PURE GHEE 1Ltr. BUY 1 GET 1 FREE
INDIA GATE BASMATI RICE CLASSIC 5KG MRP ₹1255 OUR PRICE ₹949
KITCHEN CHAMPION BASMATI RICE 5kg 10kg 40% OFF ON MRP
DAAWAT rozana rice GOLD 5KG MRP ₹600 OUR PRICE ₹399
BISLERI WATER BOTTLE 24*250ml MRP ₹144 OUR PRICE ₹120
BISLERI LIMONATA 600ml BUY 1 GET 1 FREE
DABUR GLUCOPLUS C SIPPER FREE 50% OFF ON MRP
FORTUNE REFINED SOYABEAN OIL 1LTR MRP ₹173 OUR PRICE ₹152
GO CHEESE SLICE 200gm BUY 1 GET 1 FREE
RAJDHANI SOOJI/MAIDA/DALIYA BUY 2 GET 1 FREE
PREET LITE GHEE 1Ltr. OUR PRICE ₹315
COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA 2L OUR PRICE ₹79
LAHORI JEERA 24 BOTTLES MRP ₹240 OUR PRICE ₹185
FRESCA JUICE 1Ltr. BUY 1 GET 3 FREE
FORTUNE KACHI GHANI 1LTR MRP ₹200 OUR PRICE ₹159
MADHUSUDAN DESI GHEE 1 Ltr. OUR PRICE ₹565
PEDIASURE VANILLA FLAVOR 1 KG MRP ₹1785 OUR PRICE ₹1428
AASHIRVAAD ATTA 10 KG MRP ₹485 OUR PRICE ₹435
KAAJU 500G OUR PRICE ₹490
WALLNUT (AKHROT) 250G OUR PRICE ₹365
KISHMISH JUMBO SIZE 1KG OUR PRICE ₹350
TATA TEA PREMIUM 1KG MRP ₹540 OUR PRICE ₹379
SATMOLA NAMKEEN ALL VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
SPESH SHARBAT 750 ML 20% OFF ON MRP
MAGGI TOMATO KETCHUP WITHOUT OFFER 970G MRP ₹165 OUR PRICE ₹99
WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY
MOONG CHILKA 1KG OUR PRICE ₹125
RAJMA CHITRA 1KG OUR PRICE ₹135
MALKA MASOOR 1KG OUR PRICE ₹89
MALKA KALI DAAL 1KG OUR PRICE ₹90
KALA CHANA 1KG OUR PRICE ₹77
MAMY POCO PANTS selected variants 30% OFF ON MRP
SCOTCH BRITE CLEANING PRODUCTS UPTO 10% OFF ON MRP
TIDE DOUBLE POWER JASMINE&ROSE 9KG MRP ₹999 OUR PRICE ₹799
ARIEL MATIC FRONT LOAD 4+2KG+1L MRP ₹1549 ₹250 OFF
ARIEL MATIC FRONT LOAD LIQUID 3LTR 33% OFF ON MRP
ARIEL COMPLETE DETERGENT 4KG BUY 1 GET 1 FREE
KHADI SOAP 100% HANDMADE SOAP BUY 1 GET 1 FREE
k'triq HAND WASH DETERGENT FLOOR CLEANER DISHWASH SELECTED VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
SURF EXCEL EASY WASH 7KG MRP ₹1030 OUR PRICE ₹699
VADILAL ICE CREAM UPTO 50% OFF ON MRP
ORION CHOCO-PIE 25X10GM BUY 1 GET 1 FREE
RED BULL ENGRY DRINK 250ML MRP ₹125 OUR PRICE ₹95
UNDERGARMENTS MEN & WOMEN SALE!
Dollar 30%
JOCKEY 20%
BODYCARE 20%
VANHEUSEN 20%
MACROMAN 30%
U.S. POLO ASSN. 20%
DIXCY SCOTT 30%
LUX cozi 30%
MACHO UNDERWEAR 30%
Rohtak Address: Elenta Tower, Near D2M Hotel, New Bus Stand Road, Rohtak. Contact: +91-8199999480
Bahadurgarh Address: Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh. Contact: +91-9992296899
Jhajjar Address: Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar. Contact: +91-8750187531
Sampla Address: Elenta Mart, Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla. Contact: +91-8930062800
Gohana Address: Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana. Contact: +91-7419002626
Dighal Address: Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal. Contact: +91-7419202127
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.